Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to government to declare the film tax free that are made on historical incidents.

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): महोदय, अभी 'द कश्मीर फाइल्स 'फिल्म रिलीज हुई है । इस फिल्म को देश के कई प्रांतों ने टैक्स फ्री किया है । थोड़ी देर पहले आदरणीय हेमामालिनी जी ने भी कहा कि हमारे कलाकारों को कोविड के दौरान दिक्कतों का सामना करना पड़ा और उन्हें वापस अपने घर जाना पड़ा । आज वर्तमान में 'द कश्मीर फाइल्स 'फिल्म आने के बाद जैसे लोगों ने दोबारा सिनेमा हॉल में जाना शुरू किया है, मेरा सरकार से निवेदन है कि जितने भी ऐसे कलाकार हैं, जिन्हें कोरोना के समय दिक्कतों का सामना करना पड़ा, उन्हें प्रमोशन मिले, उन्हें काम मिले ।

मुझे पूरा विश्वास है कि सरकार ऐतिहासिक विषयों पर बनी फिल्मों को पहले से टैक्स फ्री फिल्में घोषित करेगी, जो ऐतिहासिक सत्यता को उजागर करने का काम करती हैं ।

महोदय, मेरा भाव यह है कि हमारी जो ऐतिहासिक सत्यता है, उसे पुरानी सरकारों ने छुपाने का काम किया है और वे उजागर नहीं हो पाईं हैं । जैसे कश्मीर की सत्यता लोग नहीं जान पाए, इमरजेंसी की सत्यता लोग नहीं जान पाए और देश में आजादी के बाद बंटवारे से जो लोग यहां आए, उनकी सत्यता देश के लोग नहीं जान पाए । ऐसे विषयों पर बनी फिल्मों को भारत सरकार और राज्य सरकारें टैक्स फ्री करने की घोषणा करें ।

फिल्में बनाने में बहुत खर्चा आता है । ऐसे लोग, जो फिल्म जगत से जुड़े हैं, वे पूरी दुनिया में अपना नाम रोशन कर रहे हैं । इससे यह लाभ होगा कि कलाकारों को रोजगार भी मिलेगा और हमारी भारतीय संस्कृति के संवाहक नौजवान पीढ़ी को भी अपना इतिहास पता चलेगा ।

14.00 hrs